# झुंझुनूं में जुटे स्वर्णकारों ने गहनों की शुद्धता और व्यापारिक एकता का संकल्प लिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन, स्नेह मिलन और सम्मान समारोह शनिवार को जिला मुख्यालय पर स्थित जमना रिजॉर्ट में हुआ। जिसमें देशभर के ज्वैलर्स आए और उन्होंने गहनों की शुद्धता एवं व्यापारिक एकता का संकल्प लिया।

राजस्थान स्वर्णकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष और गीतांजलि ज्वैलर्स समूह के चेयरमैन शिवकरण जानूं ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी शरद चौधरी थे और अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत ने की। कार्यक्रम में आए विभिन्न राज्यों के स्वर्णकार संघ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शॉल और सम्मान प्रतीक के साथ चांदी का सिक्का भेंट कर सम्मान किया। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने कहा कि स्वर्णकार व्यवसाय समाज और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एसपी ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए शिवकरण जानूं की नेतृत्व क्षमता, दानवीरता, सबको साथ लेकर चलने और सेवा भाव के लिए विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समुदाय की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी शोरूम संचालकों को शस्त्र लाइसेंस के लिए अप्लाई करने और उसे अपनी तरफ से पॉजिटिव रिपोर्ट के साथ कलेक्टर को भेजने का भी वादा किया। साथ ही एसपी ने स्वर्णकारों से कुछ सावधानियां और सुरक्षा को लेकर अपने स्तर पर भी माकूल व्यवस्थाएं करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन हरिराम किंवाड़ा ने किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ , बिहार समेत 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों के स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष और उनकी कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए। झुंझुनूं राजस्थान की परंपरागत संस्कृति से सभी मेहमानों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने मंच के माध्यम से स्वर्णकार व्यवसाय को लेकर अपनी बात रखी और अपने-अपने सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव टगर सिंह पोद्दार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश वर्मा, राजस्थान स्वर्णकार संघ के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह भैड़ा, महासचिव सुभाष सोनी, कोषाध्यक्ष मुकेश जांगिड़ आदि मौजूद रहे।



**अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी का शिवकरण जानू और अन्य गणमान्यों ने स्वागत किया।**

- **अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ परिचय स्मारिका का विमोचन**
- **एसपी शरद चौधरी ने स्वर्णकारों से विशेष संवाद किया**

## झुंझुनूं को मिली सड़कों की सौगात पर आभार जताया

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं विधानसभा में राज्य सरकार द्वारा 26 करोड़ की राशि से बनने वाली 38 सड़कों की स्वीकृति करने पर भाजपा नेताओं ने सरकार का आभार जताया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी सहित सभी भाजपा नेताओं एव कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, भाजपा नेता बबलू चौधरी, राजेंद्र भांबू, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, भाजपा नेता शिवकरण जानूं, बनवारीलाल रणवां व जिला प्रवक्ता कमलकांत शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधानसभा में एक साथ 38 सड़कों की स्वीकृति से स्थानीय लोगों को भारी राहत मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव, गड्ढों से होने वाले हादसों पर अंकुश लगने के साथ आर्थिक रूप से भी कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि इन सड़कों के अलावा दर्जन भर सड़कों की स्वीकृति भी जल्द ही होने वाली है।

## राघवाचार्य महाराज को श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं,** ( निसं)। रैवासा धाम के अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज के देवलोक गमन पर सर्व समाज एवं नंदीशाला के संयोजन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सर्व समाज द्वारा महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात उनकी स्मृति में नंदियों को हराचारा हरि सब्जियां खिलाई गई। कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने कहा कि राघवाचार्य महाराज ने वेद, व्याकरण, संस्कृत एवं संस्कृति को जागृत करने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वे सनातन धर्म के प्रखर प्रचारक थे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि राघवाचार्य महाराज राम जन्म भूमि आंदोलन से जुड़े हुए थे। कार सेवा में जाते हुए ट्रेन में उन्हें गिरफ्तार किया गया व उनको 9 दिन तक आगरा की जेल में बंद रखा गया। वे संस्कृत के बहुत बड़े विद्वान थे। उनके द्वारा गौशाला एवं संस्कृत विद्यालय का निशुल्क संचालन किया जाता रहा है। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को व्याकरण एवं वेद की शिक्षा प्रदान कर विद्वान बनाया। उनके देवलोकगमन पर सनातन धर्म के लोगों को अपूरणीय क्षित हुई है। इस अवसर पर नंदीशाला समिति के नवल खंडेलिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद सिंघानिया, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, भाजपा नेता महेश बसावतिया, मनोहर धूपिया, राजेंद्र ठठेरा, ललित जोशी, पवन पुजारी, गुलजारीलाल शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मुरारी सैनी, इंद्राज सैनी, महेश जीनगर, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, पार्षद संजय पारीक सहित बड़ी संख्या में उपस्थित सर्व समाज के गणमान्यजन ने 2 मिनट का मौन रखकर राघवाचार्य महाराज के चित्र पर श्रद्धा पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एम.डी. चोपदार ने झुंझुनूं विधानसभा से कांग्रेस टिकट की दावेदारी जताई

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने शनिवार को जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से पीसीसी कार्यालय में मुलाकात कर झुंझुनूं विधानसभा के उपचुनाव के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की एवं झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत करवाया।

चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुये कहा कि झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से अल्पसंख्यक समुदाय के किसी भी व्यक्ति को आज तक प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं दिया गया है। अब समय आ गया है कि उन्हें प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया जाये। चोपदार ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी हित में कार्य कर रहे हैं और 36 बिरादरी के सुख-दु:ख में सदैव उनके साथ रहते हैं। झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की जनता के बीच उन्होंने समाजसेवा के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है और सर्व-समाज के साथ उनके अच्छे संबंध है। इसलिये झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र से वे कांग्रेस के उपयुक्त उम्मीदवार साबित होंगे।

चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष से कहा कि आपके नेतृत्व में झुंझुनूं सहित आगामी होने वाले सभी उपचुनावों में निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी विजय का परचम लहरायेगी। एम.डी. चोपदार ने कहा कि वे अतिशीघ्र ही प्रदेश के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेताओं एवं आलाकमान से मुलाकात कर झुंझुनूं विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश करेंगे।


**राजस्थान मदरसा बोर्ड चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मिलकर टिकट की दावेदारी पेश की।**

- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मिलकर की दावेदारी पेश**

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार नगर मंडल झुंझुनूं द्वारा बगड़ रोड पर भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान की आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि प्रत्येक छह वर्ष से भाजपा की सदस्यता लेने के लिए अभियान चलाया जाता है। उसी के अनुरूप दो सितंबर को भाजपा के सभी कार्यकर्ता फिर से सदस्यता लेंगे।

उन्होंने बताया कि भाजपा कि सदस्यता के लिए 8800002024 नंबर पर मिस्डकाल करना है। उससे प्राप्त मैसेज से एक फॉर्म के लिए लिंक मिलेगा। जिसे भरकर सदस्यता आईडी कार्ड प्राप्त होगा। नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथों पर घर घर जाकर सदस्य बनाएंगे। उसके लिए बूथ समिति के साथ प्रत्येक बूथ पर सदस्यता पालक भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए लक्ष्य को सभी कार्यकर्ता पूर्ण करेंगे। यह पार्टी का सबसे बड़ा अभियान है। इसमें श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्रदेश नेतृत्व द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सदस्यता अभियान के विधानसभा संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता का दायित्व सौंपते हुए कहा कि आगामी 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस साधारण सदस्यता अभियान में 100 सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता स्वत: ही सक्रिय कार्यकर्ता बनेगा। साथ ही 15 अक्टूबर के बाद सक्रिय सदस्यता का अभियान भी चलेगा। इनके अलावा मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग, भाजपा नेता संजय जांगिड़, ममता शर्मा, पूर्व सभापति खालिद हुसैन व पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष इंद्राज सैनी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्र पर पुष्प आर्पित व धूप दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश जीनगर ने किया। जबकि नगर उपाध्यक्ष ललित जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, विस्तारक ओमप्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय तिवाड़ी, गणेश तिवाड़ी, नगर महामंत्री रवि लांबा, दलिप सैनी, विजय शंकर जोशी, सोशल मीडिया जिला संयोजक पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान, गुलझारीलाल शर्मा, मुरारी सैनी, महेश बसावतिया, संजय जांगिड़, सुधा पंवार, कौशल्या जांगिड़, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा सावित्री सैनी, विनोद चौहान, पार्षद विजय सैनी, रतन शर्मा, सुभाष जोशी, राजेश सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- **दो सितंबर को सभी कार्यकर्ता पुनः भाजपा की सदस्यता ग्रहण करें : बनवारीलाल सैनी**

## स्कूल बस की टक्कर नन्दी की मौत

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत मंढोली की गौशाला के सामने शनिवार सुबह 7 बजे वरदा ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन की बस के चालक ने एक नन्दी को टक्कर मार दी, जिसकी आधे घंटे तक तड़प तड़प कर मौत हो गयी।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे गौ रक्षक दल मांकड़ी तथा मंढोली ने संस्था के निदेशक को नन्दी के अंतिम संस्कार करने तथा गायों के लिए एक गाड़ी चारे की मांग की। वरदा एजुकेशन द्वारा गौ रक्षक दल मांकड़ी को बदमाश बताकर तथा अपनी पहुंच उपर तक बता कर किसी भी प्रकार के सहयोग करने से मना कर दिया। उसके बाद गौ रक्षक धरने पर बैठ गए तथा तीन घंटे स्टेट हाइवे (खेतड़ी-नीमकाथाना रोड़) पर धरना दिया। यातायात बाधित होता देख पुलिस प्रशासन ने समझाइस कर धरना समाप्त करवाया। गौशाला के पदाधिकारी एवं गौ रक्षको ने नन्दी महाराज का पोस्टमॉर्टम करवा कर अपने निजी खर्च से हिन्दू रिति-रिवाजों के तहत अंतिम संस्कार करवाया।

# राजसेस कॉलेजों की व्यवस्था बंद करने की मांग

**चूरू,** (कासं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर राज्य सरकार द्वारा चालू शैक्षणिक सत्र में नए महाविद्यालयों, विषयों एवं संकायों को राजसेस व्यवस्था के तहत ही खोलने पर गहन रोष व्यक्त किया है।

संगठन के महामंत्री प्रो. सुशील कुमार बिस्सू ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2020 से 2023 के मध्य ताबड़तोड़ 303 नवीन राजकीय महाविद्यालयों तथा संकायों को राजसेस सोसाइटी के तहत खोलकर राज्य की उच्च शिक्षा को गर्त में पहुंचा दिया है। नई सरकार के गठन के समय संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से संपर्क कर इस संबन्ध में विस्तृत चर्चा की थी और अवगत कराया था कि पिछली सरकार का यह निर्णय न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मूल अवधारणा के विरुद्ध है, बल्कि इस निर्णय से राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था गर्त में चली गई है। उस समय मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजसेस के तहत खोले गए महाविद्यालयों के निर्णय की समीक्षा के लिए एक हाइ पावर कमेटी का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट जून माह में ही दे दी थी।

संगठन अध्यक्ष प्रो दीपक कुमार शर्मा के अनुसार जून माह में हुए संगठन के अधिवेशन में मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक निर्णय लेने की घोषणा भी की थी। राज्य के बजट में भी नए महाविद्यालयों, विषयों एवं संकायों को राजसेस के तहत खोलने का कोई उल्लेख नहीं था, किन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि गत सप्ताह प्रसारित बीसीए और कंप्यूटर साइंस सहित नए विषयों तथा संकायों के पद राजसेस के अंतर्गत देने के आदेश प्रसारित कर दिए गए। इससे प्रतीत होता है कि राज्य सरकार पिछली सरकार की मंशा पर ही चल रही है।

- **अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा**

# मालकेतु पर्वत की 24 कोसीय परिक्रमा कर ठाकुरजी की पालकी लोहार्गल पहुंची

**नवलगढ़,** (निसं)। मालकेतु पर्वत की 24 कोसीय परिक्रमा में 27 अगस्त गोगानवमी से लगातार अगुवाई कर रही ठाकुरजी की पालकी शनिवार सुबह रघुनाथगढ़ से रवाना होकर ब्रह्म सरोवर की सातवीं पवित्र जलधारा स्थित खोरी कुंड होते हुए दोपहर बाद लोहार्गल स्थित विजयराघवजी खाकीजी मंदिर पहुंची।

ठाकुरजी की पालकी के साथ परिक्रमा में शामिल रहे साधु संत अमावस्या को सुबह 4 बजे सूर्य कुंड में पवित्र स्नान करेंगे। परिक्रमा में चल रहे अधिकतर श्रद्धालु शनिवार को नीमड़ी से उतर कर घाटी की तलहटी में पनोरा नदी के पाट में बने विश्राम स्थलों, रघुनाथगढ़, खोरी कुंड के पास रामपुरा नदी के पाट में नजर आए। सिर पर थैले व गर्मी से बचने के लिए हाथों में छतरी लिए कभी चढ़ाई तो कई ढलान, पथरीले रास्तों से जयकारों के साथ आगे बिना थके लाखों की संख्या में परिक्रमार्थी महिला, बुजुर्ग, युवक युवतियां व बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। बहुत से श्रद्धालु शनिवार शाम को लोहार्गल पहुंचकर परिक्रमा में पीछे छूटे साथियों के इंतजार में धर्मशालाओं में रूके हुए हैं। इसके बाद परिक्रमा कर लोहार्गल लौटे श्रद्धालु सूर्य कुंड में आस्था की डूबकी लगाएंगे।

परिक्रमा में चल रहे श्रद्धालुओं ने नीमड़ी की घाटी उतरते समय कुछ ऊंचाई पर बने करीब 600 वर्ष प्राचीन भैंरूजी मंदिर के पास सहारे के लिए साथ में ली हुई लकड़ियां छोड़ दी। इसके बाद भैंरूजी मंदिर में धोक लगाकर श्रद्धालु घाटी की तलहटी में पनोरा नदी के पाट में पहुंचे और चल रहे सेवार्थ शिविरों व भंडारों में प्रसाद ग्रहण करते तथा निशुल्क चिकित्सा शिविरों में उपचार लेते नजर आए। भैंरूजी मंदिर के पास श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई लाखों लाठियों से बड़े-बड़े ढेर लग गए।

इस बार 2 सितंबर को सोमवती अमावस्या है। लेकिन पंचाग के अनुसार 3 सितंबर मंगलवार को भी अमावस्या है। प्रशासन की ओर से भी 3 सितंबर देर शाम तक लोहार्गल लक्खी मेले की व्यवस्था की गई है। लोहार्गल में लगने वाला लक्खी मेला भी लगातार 2 दिन चलेगा। लाखों परिक्रमार्थी श्रद्धालु 2 व 3 सितंबर को सूर्य कुंड में पवित्र स्नान करेंगे व परिक्रमार्थियों के अलावा भी लाखों श्रद्धालु सूर्य कुंड में पवित्र स्नान कर सूर्य भगवान को जल अर्पित करेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व पुलिस जुटे हुए हैं। नवलगढ़ उपखंड प्रशासन के अधीन पुलिस उप अधीक्षक, तहसील, पंचायत समिति, शिक्षा विभाग, विद्युत निगम, जलदाय विभाग, चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, आबकारी सहित ग्राम पंचायतों के अधिकारियों व कार्मिकों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।


**लाखों की संख्या में परिक्रमार्थी महिला, बुजुर्ग, युवक-युवतियां व बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं।**

- **श्रद्धालु लोहार्गल लौटकर कल सूर्यकुंड में अमावस्या पर लगाएंगे आस्था की डुबकी**

## गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे की धार्मिक संस्था गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में एसबीआई बैंक के सामने पुराने गणेश मंदिर में 4 सितंबर से होने वाले पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा ने बताया कि गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 4 से 8 सितंबर तक गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 सितंबर को गणेश मूर्ति स्थापना से पूर्व कस्बे के बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे व मनमोहक झांकियों और 2100 कलश यात्रा के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। 11.15 बजे मूर्ति स्थापना व दोपहर में 1 बजे से 4 बजे तक तीन दिवसीय नानी बाई मायरो की कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नोखा की कथावाचक मोनिका पारीक मायरो की कथा का रसपान करवायेगी। 6 सितंबर की रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ व 7 सितंबर की रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिनादेसर दलीप राणा एंड पार्टी के भंजन गायकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। 8 सितंबर को विशाल जुलूस के साथ कस्बे के माणकसर तालाब में मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम होंगे।

## सार-समाचार

### उप मुख्यमंत्री बैरवा का जन्मदिवस मनाया



**झुंझुनूं,** (निसं)। उप मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार प्रेमचंद बैरवा के जन्मदिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में गौवंश नंदियों की सेवा कर उनका जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम संयोजक महेश बसावतिया ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने नंदियों को दलिए की कड़ाई कर सवामणी का भोग लगाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि गौ सेवा, नंदी सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गौवंश की सेवा का फल कई गुना होकर मिलता है। सैनी ने गौवंश से प्रार्थना करते हुए उप मुख्यमंत्री बैरवा के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एव उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, महेश बसावतिया, महेश जीनगर, नगर महामंत्री रवि लांबा, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, ललित जोशी, पार्षद संजय पारीक, विनोद जांगिड़, अरुणा सिहाग, ममता शर्मा, सुमेर कड़वासरा, रतनलाल शर्मा, नंदीशाला समिति के डॉ. भावना शर्मा, सपना राणसरिया, उमाशंकर महमिया, रामचंद्र शर्मा, रामगोपाल महमिया, रामधारी चौमाल, लीलाधार पुरोहित, गोपी पुरोहित, भीखा भाई, कपिल सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ. सुमन को सह संयोजक की जिम्मेदारी

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रेवंतसिंह राजपुरोहित ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसी क्रम में भाजपा नेता और किसान मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुमन कुलहरि गढवाल को जयपुर संभाग में सदस्यता अभियान का सह सह संयोजक बनाया गया है। अपनी नियुक्ति के बाद डॉ. सुमन कुलहरि ने बातचीत करते हुए बताया कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पूरा प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से खुश है। खासकर किसान वर्ग सरकार की स्पष्ट और विकासशील नीतियों से प्रभावित है। ऐसे में इस बार पिछली बार से ज्यादा सदस्यता होगी। क्योंकि हर व्यक्ति भाजपा से जुड़कर देश के विकास में अपना सहयोग देना चाहता है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही जयपुर संभाग के हर जिले के दौरा कर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के दौरान रिकॉर्ड सदस्यता करवाने के लिए प्रेरित करेंगी। आपको बता दें कि इससे पहले भी डॉ. सुमन कुलहरि को जो भी जिम्मेदारियां संगठन ने दी है। उनमें उन्होंने जी-जान लगाकर एक श्रेष्ठ संगठक की भूमिका अदा की है।



### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**सीकर,** (निसं)। श्री श्याम बाबा भजन समिति के संस्थापक सचिव रामगोपाल गोपी ने कहा कि रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज के देवलोक गमन होने पर संस्था के पदाधिकारी ने शेखपुरा मोहल्ला स्थित रामेश्वरम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य लोगों ने राघवाचार्य महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि महाराज श्री वैदिक और धर्म के बहुत बड़े ज्ञाता थे उन्होंने गौ सेवा में भी सराहनीय कार्य किये जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराज श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाई शुरू से लेकर राम मंदिर के निर्माण तक के वे साक्षी रहे। वैश्य महा सम्मेलन के जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ने कहा कि महाराज गौ सेवा के लिए सभी से आग्रह किया कि सभी को गौ सेवा करनी चाहिए। श्री श्याम बाबा भजन समिति के संस्थापक सचिव श्याम भक्त रामगोपाल गोपी, श्याम भक्त पीयूष गडीका महाराज, समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र माथुर, अनिता काकडोलिया,गोपी त्रिपाठी, मानव सेवा फाउंडेशन के मंत्री पूर्व पार्षद नरेश सैन,रवि शर्मा, रणजीत सैन,पायल कुमावत, सरिता पेशवानी, सुमन स्वामी, दीपक पटेल महाराज श्री द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्य को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### सड़कों के लिए बजट पास

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रतापपुरा व बुडाना पंचायत में सड़कों के निर्माण के लिए बजट आवंटन होने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता बबलू चौधरी, निषित चौधरी का आभार जताया। भाजपा नेता सतपाल भैड़ा ने बताया कि बबलू चौधरी के सक्रिय प्रयासों से प्रतापपुरा में तीन व बुडाना में एक सड़क निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए से अधिक का बजट पास हुआ है। उन्होंने बताया कि इसमें बुडाना पंचायत के मोमदाना जोहड़ बालाजी मंदिर से बगड़ तक, प्रतापपुरा पंचायत के देसूसर से झेरों की ढाणी, चारणवास से जयपहाड़ी और प्रतापपुरा के नरेंद्र भैड़ा के घर से शिशपाल मेघवाल की ढ़ाणी तक सड़क निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग ने बजट पास किया है। जिस पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता बबलू चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

### कक्षा-कक्ष निर्माण की राशि भेंट की

**सीकर,** (निसं)। राजकीय विद्यालय सबलपुरा में भामाशाह विकास कुमार पचार ने अपने पिता बनवारी लाल (पटेल) पुत्र मोहनलाल पचार की स्मृति में एक कक्षा कक्ष निर्माण की राशि भेंट की। हाल ही में भामाशाह नाथूराम पचार तथा मनोज पचार द्वारा विद्यालय में दो कक्षा कक्ष की निर्माण राशि भेंट की थी। प्रधानाचार्य मनीषा ढाका ने बताया कि विद्यालय विकास में भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर प्रेरक नाथूराम पचार, राजेंद्र पचार , कमला रणवा, नीरज ,बृजबाला ,बाबूलाल,राजेंद्र ,सुनीता, दीपा, संजय, शीला, कमलेश, सुभाष, पुष्पा, सुमित्रा,कमला , सूरजाराम, खान मोहम्मद ,मोहित ,किरण ने विकास पचार का आभार व्यक्त किया ।

### पेंशनरों का जन्म दिवस मनाया

**रतनगढ़,** (निसं)। राजस्थान पेंशनर्स समाज रतनगढ़ की मासिक बैठक पेंशनर्स भवन में सत्यनारायण सेवदा की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। नारायण बरोड़, हनुमानसिंह शेखावत, शंकरलाल शर्मा, सागरमल आत्रेय मंचस्थ अतिथि थे। अगस्त माह में जन्म दिवस वाले पेंशनरों का अतिथियों ने तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। ओमप्रकाश जांगिड़ ने सभी का शाब्दिक स्वागत किया। सचिव पीरूमल भोभरिया ने गत माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जयसिंह राठौड़ ने देशभक्ति गीत व रामदयाल चोटिया ने कविता प्रस्तुत की। अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा ने पेंशनर्स को जन्म दिवस पर शुभाकामनाएं दी और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रामदेव शर्मा, राजेंद्र प्रसाद जोशी, हरीराम यादव, चंपालाल स्वामी, नारायण बरोड़, सुल्तानसिंह, बाबू खां, वैद्य शांतिलाल शर्मा, तेजकरण भोजक, नन्दलाल माली, मन्नालाल, नरेंद्रसिंह और रामकुमार का जन्म दिवस पर सम्मान किया गया। पेंशनर्स भवन निर्माण में सहयोग हेतु तेजकरण भोजक ने 2100 रुपए, नारायण बरोड़ ने 1100 रुपए, बाबू खां और नंद लाल माली ने 500 रुपए प्रदान किए। कार्यक्रम संचालन मोहम्मद अनवर कुरैशी ने किया।

### भीम सेना की बैठक

**बीदासर,** (निसं)। भीम सेना की बैठक जिलाध्यक्ष जालु बौद्ध की अध्यक्षता में हुई। जिसमे सर्व सम्मति से सांडवा निवासी सीताराम मेघवाल को सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान कर मनोनीत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष बौद्ध ने कहा कि सीताराम मेघवाल ने हमेशा दलित, शोषित और पीड़ित वर्ग के लिए संघर्ष किया है, अब सामाजिक संगठन में मानवता के पक्ष में गरीब, दलित और कमजोर वर्ग कि आवाज बनकर मानव समाज की सेवा करेंगे। बैठक में बीदासर तहसील अध्यक्ष महावीर नायक, कोषाध्यक्ष मुकेश बिरट सहित समाज के समाज के अनेक लोग मौजूद थे। सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष बनाने पर मेघवाल ने भीम सेना प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र मेघवाल नोसरिया और जिलाध्यक्ष बौद्ध का आभार व्यक्त किया है।